# यूएई, आस्ट्रेलिया और बेल्जियम से बन रहा निवेश का कारिडोर

## विभिन्न देशों में रोड शो और वन टू वन बिजनेस मीटिंग के जरिए निवेशकों को किया जा रहा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के माध्यम से बड़ा निवेश आकर्षित करने में जुटी योगी सरकार को विभिन्न देशों में हो रहे रोड शो में बड़ी सफलता मिल रही है। निवेश के आंकड़े भले ही अभी स्पष्ट न हो लेकिन निवेशकों का रुख सकारात्मक दिख रहा है। पहले चरण में मेक्सिको, जर्मनी, यूके और कनाडा में सफल रोड शो के बाद अब टीम योगी को दूसरे चरण में यूएई, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और ब्राजील में भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। बड़े औद्योगिक समूह उप्र में निवेश के लिए गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

यूपी को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुहिम के तहत योगी सरकार फरवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआइएस 2023) का आयोजन कर रही है। इसके जरिये सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया है। इस को प्राप्त करने के लिए योगी सरकार के मंत्रियों की टीम 18 देशों के साथ-साथ देश के सात बड़े शहरों में भी रोड शो कर रही है।

**दुबई से बड़े निवेश की संभावना**

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने यूएई के दुबई में यूपीजीआईएस 2023 का प्रचार-प्रसार किया। यह प्रतिनिधिमंडल कोनारेस आफिस भी गया और यहां पर कंपनी के सीईओ भरत भाटिया से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें यूपीजीआइएस के उद्देश्य और उप्र में सुरक्षित निवेश और सुविधाओं के बारे में जानकारी की। यूएई के साथ भारत के पुराने संबंधों को देखते हुए यहां से बड़े निवेश की संभावना जताई जा रही है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

### डिफेंस, अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर में आस्ट्रेलिया ने दिखाई रुचि

आस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में गए प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों से संवाद किया और उन्हें प्रदेश सरकार की नीतियों से अवगत कराया। स्वतंत्र देव सिंह ने न्यू साउथ वेल्स सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा की और उन्हें डिफेंस, वाटर रिसोर्स, हेल्थ और अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के संबंध जानकारी दी। अधिकारियों ने इस क्षेत्र में निवेश को लेकर रुचि भी दिखाई है।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश के इच्छुक बेल्जियम के समूह**

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में रोड शो व वन टू वन बिजनेस मीटिंग की। यह प्रतिनिधिमंडल यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रतिनिधियों से भी मिला और उन्हें यूपीजीआइएस में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक की ओर से बैठक में ब्रुसेल्स में एशिया और पैसिफिक डिवीजन के हेड और एमडी एडवर्डास बमस्टेनास भी उपस्थित रहे। इससे पहले, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि विदेशी निवेशकों के लिए डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर में निवेश की मजबूत संभावनाएं बन रही हैं। अब तक 105 उद्यमियों ने एमओयू साइन कर 12 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है।

**लुलु ग्रुप ने नोएडा, वाराणसी व गोरखपुर में निवेश की जताई इच्छा**

लुलु ग्रुप लखनऊ के बाद नोएडा, वाराणसी और गोरखपुर में भी लुलू माल की सीरीज को विस्तार दे सकता है। लुलु ग्रुप के चेयरमैन युसूफ अली ने सोमवार को अबु धाबी में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान से मुलाकात के क्रम में यह प्रस्ताव दिया। मंत्री राकेश सचान ने लुलु ग्रुप के इस प्रस्ताव की सराहना की और इन शहरों में जमीन उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

## ब्राजील ने कृषि, डेयरी, आइटी व फार्मा में दिखाई रुचि

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ब्राजील-इंडिया चैंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ब्राजील में निवेशकों से मुलाकात कर कृषि, डेयरी, आइटी व फार्मा सेक्टर में निवेश की संभावनाएं तलाशी। ब्राजील की व्यवसायिक राजधानी साओ पाउलो के इबिरापुएरा पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद ब्रजेश पाठक ने ब्राजील-इंडिया चैंबर आफ कामर्स के प्रमुख राबर्टो पारसियोस व अन्य उद्यमियों से मुलाकात की। इस दौरान कृषि, डेयरी, आइटी, फार्मा व अन्य सेक्टरों से जुड़े उद्यमियों ने यूपी में निवेश को लेकर रुचि दिखाई।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं की पूरी दुनिया में चर्चा है। उपमुख्यमंत्री ने ब्राजील में डेयरी और पशुपालन उद्योग से जुड़े उद्यमियों से विशेष चर्चा के दौरान बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। कुछ समय पूर्व भारत और ब्राजील के वैज्ञानिकों ने गाय की एक विशेष नस्ल तैयार की थी, जो एक दिन में 45 लीटर दूध दे सकती है। ब्राजील और भारत डेयरी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर काफी काम कर सकते हैं। ब्राजील के वैज्ञानिक डा. एस गुस्ताओ, प्रो फर्नांडो, प्रो. रूडालोफा भी चर्चा में शामिल हुए। इस मौके पर भारत के राजदूत सुरेश रेड्डी, आदर्श मिश्रा, एसीएस संजय भूसरेड्डी, मनीष सिंह, रजनीश दुबे भी मौजूद रहे।

### दक्षिण कोरिया में प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में दिया गया भोज

दक्षिण कोरिया और जापान भ्रमण पर गए पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने उद्यमियों से मुलाकात के दौरान उप्र सरकार की निवेश नीतियों की चर्चा की। मंत्रियों के सम्मान में दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत ने भोज का आयोजन भी किया। मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। कहा, भारत दक्षिण कोरिया के बीच सांस्कृतिक संबंध बहुत गहरे हैं। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वायु, जल, सड़क, विद्युत एवं रेल नेटवर्क माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित की हैं। उन्होंने निवेशकों से कहा कि सरकार निवेशकों को निवेश करने के लिए हर स्तर पर सहायता प्रदान कर रही है और उनकी सुविधाओं का ध्यान रख रही है।